# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–28 फरवरी 2025** **सान्ध्य समाचार**

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा है कि इस वर्ष के अंत तक भारत से टीबी को खत्म करने के लिए सभी प्रयास जारी हैं। ओडिशा के पुरी में भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में अच्छी, अनुकरणीय प्रथाओं और नवाचार पर नौवें राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि सरकार द्वारा दो हजार सत्रह में नई स्वास्थ्य नीति अपनाने के बाद बहुत सारे सुधार हुए हैं।

**ट्यूबरक्लोसिस में अभी जो डब्ल्यू एच ओ कि ग्लोबल रिपोर्ट आई है उसमें हम ट्यूबरक्लोसिस के बर्डन स्टेट से निकलकर के इरेडिकेटेड स्टेट में हम आकर के खड़े हो रहे हैं और यह जो 100 डेज टीवी मुक्त भारत का जो कैंपेन चल रहा है। वी हैव ऑलरेडी डिटेक्टिड 5 लाख टीबी पेशेंट और अभी 100 डेज होना बाकी है।**

श्री नड्डा ने कहा कि मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर वैश्विक कमी दर से दोगुनी कम हो गई है, जबकि मलेरिया पर काफी हद तक अंकुश लगा है।

**********

प्रयागराज महाकुंभ के दौरान नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई दुखद घटना के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आज उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें दो सौ श्रद्धालुओं की मौतों का दावा किया गया था। एक रिपोर्ट–

**याचिकाकर्ताओं का दावा था कि रेलवे प्रशासन मृतकों की संख्या छिपा रहा है। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से कथित दावे का सबूत मांगा और संक्षिप्त सुनवाई के बाद याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि प्रभावित लोगों को ही कोर्ट में आना चाहिए। पंद्रह फरवरी की रात में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुयी इस दुखद घटना में अठारह लोगों की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गये थे। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।**

**********

प्रदेश सरकार ने आज विधानसभा में बताया कि वर्ष 2017 से अब तक साढ़े सात लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी गयी है। यह पिछली सपा और बसपा सरकार में युवाओं को मिली सरकारी नौकरी की तुलना में अधिक है।

श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने प्रश्नकाल के दौरान सपा सदस्य डॉ. राकेश वर्मा के सवाल पर बताया कि बसपा सरकार के दौरान वर्ष 2007 से 2012 तक 74,762 और सपा सरकार के दौरान वर्ष 2012 से 2017 तक एक लाख 39 हजार 700 सरकारी नौकरी दी गयी।

**********

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज श्री राम मंदिर में श्री राम लला के दर्शन कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उन्हें राम नामी भेंट कर मंदिर के पुजारियों ने उनका स्वागत किया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र और मंदिर व्यवस्थापक गोपाल राव ने राज्यपाल को मंदिर के निर्माण संबंधी जानकारी भी दी।

**********

आज पूरे देश में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी को महान भौतिक विज्ञानी, सर सी वी रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में यह दिन मनाया जाता है। उन्हें इस महत्वपूर्ण खोज के लिए वर्ष 1930 में नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस अवसर पर आज जौनपुर के वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के रज्जू भैया संस्थान में छात्रों के लिए रमन प्रभाव पर विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ। इसी क्रम में लखनऊ स्थित भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान में विज्ञान प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जहां शोधकर्ताओं द्वारा विकसित की गई अत्याधुनिक स्वदेशी तकनीक का प्रदर्शन किया गया।

**********

चंदौली जिले के नौगढ़ थानाक्षेत्र में जयामोहिनी गांव के पास कल रात ग्यारह बजे एक ट्रक और कार की आमने सामने हुई टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब आधा दर्जन से अधिक लोग घायल गये। हादसे के शिकार कार सवार सभी लोग सोनभद्र जिले के दुद्धी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने जा रहे थे। चकिया के क्षेत्राधिकारी राजीव सिसौदिया ने बताया कि यह सभी लोग जिले के शहाबगंज थानाक्षेत्र के ग्राम पालपुर के रहने वाले थे। इस मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

**********

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कल से शुरू हुई बारिश और बूंदाबांदी के बाद आज पूर्वी उत्तर प्रदेश के भी कई जिलों में मौसम का मिजाज कुछ देर के लिये बदल गया। गोरखपुर और जौनपुर समेत कई जिलों में आज सुबह हल्के बादलों के कारण ठंड महसूस की गई। मौसम विज्ञान विभाग ने आज और कल पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जाहिर की है। विभाग ने इस अवधि में कुछ स्थानों पर गरज के साथ बज्रपात की चेतावनी भी जारी किया है।

**********